# U.P. Power Transmission Corporation Limited
## उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड
(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)

Office Of The
Superintending Engineer (TP&PSS))
6th Floor, Shakti Bhawan Extn.
14-AshokMarg Lucknow-226001
Email I.D. setppssn@gmail.com
Phone : 0522-4108994

कार्यालयः
अधीक्षण अभियन्ता(टी.पी.एवं पीएसएस)
छठा तल, शक्ति भवन विस्तार,
14, अशोक मार्ग, लखनऊ–226001
दूरभाष : 0522-4108994

पत्रांक :5122 –अधी0अभि0/टी0पी0एवं पी0एस0एस0/13वीं योजना/TWC    दिनांक :13 फरवरी, 2021

विषय : उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 द्वारा गठित "पारेषण कार्य अनुमोदन समिति" की दिनांक 15.02.2021 को आहूत 13वीं योजनाकाल की 42वीं बैठक सम्बन्धी कार्यवृत्त।

1– डा0 सेंथिल पांडियन सी0, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं अध्यक्ष समिति।
2– श्री आर0 के0 सिंह, निदेशक (ऑपरेशन), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं सदस्य समिति।
3– श्री अनिल जैन, निदेशक (कार्य एवं परियोजना), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं सदस्य समिति।
4– श्री ए0एस0 कुशवाहा, निदेशक(एस0एल0डी0सी0), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं सदस्य समिति।
5– श्री बी0पी0 महापात्रा, निदेशक (वित्त), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं सदस्य समिति।
6– श्री अनिल जैन, निदेशक (नियोजन एवं वाणिज्य), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 एवं सदस्य समिति।
7– मुख्य अभियन्ता (ऊर्जा प्रणाली), उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0, एवं स्थायी आमन्त्री, विभूति खण्ड–II, निकट मंत्री आवास, गोमती नगर, लखनऊ।
8– मुख्य अभियन्ता (पी0पी0एम0एम0), उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0 एवं स्थायी आमन्त्री, 7वॉ तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
9– मुख्य अभियन्ता (नियोजन), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, तृतीय तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।

**"पारेषण कार्य अनुमोदन समिति"** की 13वीं योजनाकाल की दिनांक 15.02.2021 को आहूत 42वीं बैठक सम्बन्धी कार्यवृत्त संलग्न है। यह कार्यवृत्त उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0 की बेवसाइट **www.upptcl.org** के **ongoing transmission works** लिंक पर भी उपलब्ध है।

संलग्नकः यथोपरि।

(ए0के0 शुक्ला)
अधीक्षण अभियन्ता (टी0पी0 एवं पी0एस0एस0)
एवं सदस्य संयोजक

प्रतिलिपि :–

1– मुख्य अभियन्ता (पारेषण दक्षिण–पूर्व), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 57 जार्ज टाउन, इलाहाबाद।
2– मुख्य अभियन्ता (पारेषण उत्तर–पूर्व), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 132 के0वी0 उपकेन्द्र, मोहद्दीपुर, गोरखपुर।
3– मुख्य अभियन्ता (पारेषण मध्य), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, पारेषण भवन, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।
4– मुख्य अभियन्ता (पारेषण पश्चिम), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, पारेषण भवन 130–डी,विक्टोरिया पार्क, मेरठ।
5– मुख्य अभियन्ता (पारेषण दक्षिण–पश्चिम), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, निकट अमर उजाला प्रेस, ककरैथा रोड़, आगरा।
6– मुख्य अभियन्ता (पारेषण दक्षिण–मध्य), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 132 के0वी0 उपकेन्द्र, हसारी, झांसी।
7– मुख्य अभियन्ता (765 के0वी0), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 15वॉ तल शक्ति भवन विस्तार लखनऊ।
8– मुख्य अभियन्ता (जानपद पारेषण– I), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 8/110 इन्दिरानगर, लखनऊ।
9– मुख्य अभियन्ता (सी0एम0यू0टी0), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 11वॉ तल शक्ति भवन विस्तार लखनऊ।
10– मुख्य अभियन्ता (जानपद पारेषण–II), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 9वॉ तल शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
11– मुख्य अभियन्ता (डी0 एण्ड पी0), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, 10वॉ तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
12– उप महाप्रबन्धक (पारेषण मुख्यालय) वित्त एवं भुगतान इकाई, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, प्रथम तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
13– श्री पंकज सक्सेना, अधिशासी अभियन्ता सम्बद्व निदेशक (आपरेशन), के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।

संलग्नकः यथोपरि।

(ए0के0 शुक्ला)
अधीक्षण अभियन्ता (टीपी एवं पीएसएस)
एवं सदस्य संयोजक

# उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 की "पारेषण कार्य अनुमोदन समिति" की दिनाँक 15.02.2021 को सम्पन्न 13वीं योजनाकाल की 42वीं बैठक का कार्यवृत्त।

**उपस्थिति:–**

**सदस्य:–**

1. डा0 सेंथिल पांडियन सी0 : प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं अध्यक्ष।
2. श्री आर0के0 सिंह : निदेशक (ऑपरेशन), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं सदस्य।
3. श्री बी0पी0 महापात्रा : निदेशक (वित्त), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं सदस्य।
4. श्री अनिल जैन : निदेशक (कार्य एवं परियोजना), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं सदस्य।
5. श्री ए0एस0 कुशवाहा : निदेशक (एस0एल0डी0सी0), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं सदस्य।
6. श्री अनिल जैन : निदेशक (नियोजन एंव वाणिज्य), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं सदस्य।
7. श्री अंजनी कुमार शुक्ला : अधीक्षण अभियन्ता (टी0पी0 एवं पीएसएस) एवं संयोजक सदस्य।

**अन्य:–**

1. श्री सत्येन्द्र कुमार : अधिशासी अभियन्ता (टीपी एवं पीएसएस), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0।
2. श्री दीपक कुमार जायसवाल: अधिशासी अभियन्ता (टीपी एवं पीएसएस), उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0।

निदेशक (ऑपरेशन) एवं वितरण क्षेत्रों से प्राप्त पारेषण कार्यों के प्रस्तावों पर सम्यक् विचारोपरान्त समिति ने निम्न निर्णय लिये :–

## (क) द्वितीय स्त्रोत सम्बन्धी कार्य:–

### 1– 400 के0वी0 डी0सी0 (Twin Moose) शामली–अलीगढ़ निर्माणाधीन लाइन के एक सर्किट का टी0एच0डी0सी0 खुर्जा पावर प्लांट 2x660 मेगावाट (निर्माणाधीन) पर लीलो निर्माण कार्य:–

टी0एच0डी0सी0 खुर्जा एस0टी0टी0पी0 (2x660 मेगावाट) की उत्पादित ऊर्जा का 60% अंश उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा ऊर्जा कय अनुबन्ध (पी0पी0ए0) है। उत्तर प्रदेश के इस अंश हेतु शामली–अलीगढ़ लाइन के एक सर्किट का टी0एच0डी0सी0 खुर्जा पावर प्लांट पर लीलो लाइन का निर्माण केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण की NRPC(TP) की द्वितीय बैठक दिनांक 01.09.2020 में अनुमोदित है। 400 के0वी0 शामली उपकेन्द्र निर्माण के साथ 400 के0वी0 शामली–अलीगढ़ डी0सी0 लाइन निर्माणाधीन है। क्षेत्र द्वारा ऊर्जा निकासी हेतु डी0सी0 लाइन के एक सर्किट का लीलो टी0एच0डी0सी0 खुर्जा पावर प्लांट पर प्रस्तावित है। समिति द्वारा 13वीं योजनाकाल की 41वीं बैठक में लाइन निर्माण कार्य को लागत की पुर्ननिरीक्षण के दृष्टिगत सैद्धान्तिक रूप से अनुमोदित किया गया था। अतः समिति ने निम्न कार्य पुनरिक्षित लागत उपरान्त अनुमोदित किया:–

- **400 के0वी0 डी0सी0 (Twin Moose) शामली–अलीगढ़ लाइन के एक सर्किट का टी0एच0डी0सी0 खुर्जा पावर प्लांट पर लीलो निर्माण– 13 किमी0**
- **400 के0वी0 की 02 अदद 'बे' टी0एच0डी0सी0 खुर्जा पावर प्लांट द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी।**

**अनुमानित व्यय रू0 26.75 करोड़**

## 2– 220 के0वी0 सारनाथ(400)– गजोखर 220 के0वी0 द्वितीय सर्किट का स्ट्रिंगिंग सम्बन्धित कार्यः–

वर्तमान में 220 के0वी0 सारनाथ–गजोखर(एस०सी०) लाइन से 220के0वी0 उपकेन्द्र गजोखर, क्षमता 2x160 एमवीए एवं 220के0वी0 उपकेन्द्र जौनपुर, क्षमता 3x160 एमवीए का एक अदद 1x160 एमवीए परिवर्तक (वाया 220के0वी0 गजोखर–जौनपुर लाइन) पोषित है। ग्रीष्म ऋतु में 220के0वी0 सारनाथ–गजोखर लाइन में दोष उत्पन्न होने की स्थिति में, 220के0वी0 गजोखर उपकेन्द्र 220के0वी0 गजोखर–जौनपुर लाइन द्वारा पोषित होता है एवं इस दशा में 220के0वी0 उपकेन्द्र जौनपुर मात्र एस0सी0 220के0वी0 आजमगढ़(400)–जौनपुर लाइन से पोषित होता है। 220के0वी0 आजमगढ (400)–जौनपुर लाइन की अधिभारिता के दृष्टिगत, 220के0वी0 जौनपुर–गजोखर लाइन पर भार प्रतिबन्धित रखना पड़ता है। इस भार प्रतिबन्ध के कारण 220के0वी0 उपकेन्द्र गजोखर पर लोड शेडिंग के लिए बाध्य होना पड़ता है। अतः ग्रीष्म ऋतु में अनवरत विद्युत आपूर्ति बनाये रखने के लिए 220के0वी0 सारनाथ–गजोखर द्वितीय सर्किट का निर्माण आवश्यक है। अतः समिति ने निम्नानुसार निर्माण कार्य अनुमोदित कियाः–

- **220 के0वी0 सारनाथ(400)–गजोखर लाइन के विद्यमान डी0सी0 टावर पर गजोखर उपकेन्द्र तक द्वितीय सर्किट का स्ट्रिंगिंग कार्य–28 किमी0**
  **इस कार्य के लिए 220 के0वी0 सारनाथ(400)–बीरापट्टी लाइन के विद्यमान टावर तथा 220 के0वी0 सारनाथ(400)–आजमगढ़–II(220) लाइन के RoW के दृष्टिगत विद्यमान द्वितीय सर्किट को Realigtment किया जायेगा जिसमें 04 टावर dismantle तथा 04 टावर नये लगाते हुए 03 किमी0 एस0सी0 लाइन एवं 220 के0वी0 सारनाथ–बीरापट्टी लाइन पर 2.5 किमी0 2nd Ckt. स्ट्रिंगिंग की जायेगी।**
- **400 के0वी0 उपकेन्द्र सारनाथ पर 220 के0वी0 फीडर 'बे' का निर्माण कार्य– 01 अदद**
- **220 के0वी0 उपकेन्द्र गजोखर पर 220 के0वी0 फीडर 'बे' का बस विस्तार सहित निर्माण कार्य – 01 अदद**

**अनुमानित व्यय रू0 16.03 करोड़**

## (ख) <u>उपकेन्द्र क्षमता वृद्धि :–</u>

उपकेन्द्रों पर वर्तमान एवं निकट भविष्य में विद्युत भार वृद्धि तथा Contingency (N-1) में उपकेन्द्र पर क्षमता की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दृष्टि से निम्न क्षमतावृद्धि कार्य समिति द्वारा अनुमोदित किया गयाः–

### (i) 400/220/132 के0वी0 पनकी (कानपुर) उपकेन्द्र पर क्षमतावृद्धिः–

400/220 के0वी0 पनकी (कानपुर) उपकेन्द्र क्षमता 2x315 से 2x500 एम0वी0ए0।
***(CEA से अनुमोदन की प्रत्याशा में)***

**अनुमानित व्यय रू0 33.28 करोड़**

### (ii) 400/220 के0वी0 बरेली उपकेन्द्र पर लाइन रिएक्टर बदलने का कार्य :–

400 के0वी0 उन्नाव–बरेली डी0सी0 लाइन के बरेली उपकेन्द्र पर 2x50 MVAR लाइन रिएक्टर को 2x63 MVAR लाइन रिएक्टर से बदलने का कार्य।
*(क्षेत्र ने अवगत कराया है कि 2x50 MVAR रिएक्टर 1995 मेक के है, 01 अदद क्षतिग्रस्त है एवं दूसरे रिएक्टर में प्रायः समस्या आती रहती है)।* ***(CEA से अनुमोदन की प्रत्याशा में)***

**अनुमानित व्यय रू0 13.34 करोड़**

**(iii) 220/132/33 के0वी0 फतेहपुर उपकेन्द्र पर क्षमतावृद्धिः—**

132/33 के0वी0 फतेहपुर उपकेन्द्र क्षमता 2x63 से 2x63+1x40 एम0वी0ए0 परिवर्तक 'बे' सहित।

**अनुमानित व्यय रू0 3.26 करोड़**

**(iv) 220/132/33 के0वी0 मिर्जापुर उपकेन्द्र पर क्षमतावृद्धिः—**

132/33 के0वी0 मिर्जापुर उपकेन्द्र क्षमता 2x20 से 2x20+1x40 एम0वी0ए0 परिवर्तक 'बे' सहित एवं अन्य निर्माण कार्य।

**अनुमानित व्यय रू0 3.93 करोड़**

**(v) 220/132/33 के0वी0 मीताई (हाथरस) उपकेन्द्र पर क्षमतावृद्धिः—**

132/33 के0वी0 मीताई (हाथरस) उपकेन्द्र क्षमता 2x40 से 2x40+1x63 एम0वी0ए0 परिवर्तक 'बे' सहित एवं बसबार विस्तार सम्बन्धी कार्य।

(पारेषण कार्य अनुमोदन समिति की 13वीं योजनाकाल की 25वीं बैठक दिनांक 01.03.2019 में 132 के0वी0 मिताई उपकेन्द्र पर 2x40 से 2x63 एम0वी0ए0 अनुमोदित किया गया था। उक्त अनुमोदित क्षमतावृद्धि को संशोधित करते हुए उपकेन्द्र पर अतिभारिता एवं N–1 क्षमता व्यवस्था स्थापित करने हेतु 2x40 से 2x40+1x63 एम0वी0ए0 परिवर्तक क्षमतावृद्धि क्षेत्र द्वारा प्रस्तावित की गई है।)

**पूर्व अनुमानित व्यय रू0 6.58 करोड़**
**अनुमानित व्यय रू0 5.13 करोड़**
**संशोधन उपरान्त अनुमानित व्यय रू0 शून्य**

**(vi) 132/33 के0वी0 ताजपुर (बिजनौर) उपकेन्द्र पर क्षमतावृद्धिः—**

132/33 के0वी0 ताजपुर (बिजनौर) उपकेन्द्र क्षमता 2x40 से 3x40 एम0वी0ए0 परिवर्तक 'बे' सहित।

**अनुमानित व्यय रू0 3.43 करोड़**

**(vii) 132/33 के0वी0 बिधुना (औरैया) उपकेन्द्र पर क्षमतावृद्धिः—**

132/33 के0वी0 बिधुना(औरैया) उपकेन्द्र क्षमता 1x20+1x40 से 1x20+2x40 एम0वी0ए0 परिवर्तक 'बे' सहित।

**अनुमानित व्यय रू0 3.43 करोड़**

**(viii) 132/33 के0वी0 गुरूदेवनगर (मिर्जापुर) उपकेन्द्र पर क्षमतावृद्धिः—**

132/33 के0वी0 गुरूदेवनगर(मिर्जापुर) उपकेन्द्र क्षमता 1x20+1x40 से 1x40+1x63 एम0वी0ए0।

**अनुमानित व्यय रू0 3.50 करोड़**

**(ix) 132/33 के0वी0 औगासी (बांदा) उपकेन्द्र पर क्षमतावृद्धिः—**

132/33 के0वी0 औगासी (बांदा) उपकेन्द्र क्षमता 2x20+1x40 से 1x20+2x40 एम0वी0ए0।

*(क्षेत्र द्वारा संज्ञानित किया गया कि उपकेन्द्र पर एक अदद 20 एम0वी0ए0 परिवर्तक के क्षतिग्रस्त होने के उपरान्त 40 एम0वी0ए0 परिवर्तक 132 के0वी0 राठ उपकेन्द्र से 132 के0वी0 औगासी उपकेन्द्र पर स्थानांतरित किया जा चुका है।)*

**अनुमानित व्यय रू0 0.52 करोड़**

**(x) 132/33 के0वी0 लालगंज (प्रतापगढ़) उपकेन्द्र पर क्षमतावृद्धिः–**

132/33 के0वी0 लालगंज (प्रतापगढ़) उपकेन्द्र क्षमता 2x40 से 3x40 एम0वी0ए0 परिवर्तक 'बे' सहित एवं 132 के0वी0 ट्रांसफर बस बार व 33 के0वी0 ट्रांसफर बस सम्बन्धी निर्माण कार्य।

**अनुमानित व्यय रू0 4.53 करोड़**

**(xi) 132/33 के0वी0 महरौनी (ललितपुर) उपकेन्द्र पर क्षमतावृद्धिः–**

132/33 के0वी0 महरौनी (ललितपुर) उपकेन्द्र क्षमता 2x20 से 1x20+1x40 एम0वी0ए0।

**अनुमानित व्यय रू0 2.44 करोड़**

## वित्तीय वर्ष 2020–21 में अनुमोदित रू0 05 करोड़ से कम लागत के कार्य (कुल धनराशि रू0 145.52 करोड़) :–

| 01 अप्रैल, 2020 से दिनांक 11.01.2021 (13वीं योजनाकाल की 41वीं टी0डब्ल्यू0सी0) तक अनुमोदित रू0 05 करोड़ से कम के कार्य की धनराशि | वर्तमान टी0डब्ल्यू0सी0 में प्रस्तावित, रू0 05 करोड़ से कम लागत के कार्य की कुल धनराशि | वित्तीय वर्ष 2020–21 में अनुमोदित, रू0 05 करोड़ से कम के कार्य की कुल धनराशि |
|---|---|---|
| रू0 120.48 करोड़ | रू0 25.04 करोड़ | रू0 145.52 करोड़ |

**समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि, निदेशक मण्डल द्वारा वित्तीय वर्ष 2020–21 में रू0 5 करोड़ से कम लागत के कार्यों की अनुमोदित सीमा रू0 130 करोड़ के दृष्टिगत, निदेशक (आपरेशन) सभी प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर पुनः निरीक्षण कर, अतिरिक्त प्रस्तावों को वित्तीय वर्ष 2020–21 के स्थान पर वर्ष 2021–22 में प्रारम्भ करायेंगे तथा विवरण से समिति को आगामी टी0डब्ल्यू0सी0 बैठक में अवगत करायेंगे।**

## (ग) चर्चा हेतु अन्य प्रस्ताव :–

### 1– 220 के0वी0 भरथना–सैफई एस0सी0 लाइन का निर्माणाधीन फिरोजाबाद(400) उपकेन्द्र पर लीलो लाइन निर्माण कार्यः–

- 220 के0वी0 भरथना–सैफई एस0सी0 लाइन का निर्माणाधीन फिरोजाबाद(400) उपकेन्द्र पर लीलो लाइन निर्माण कार्य– 78 किमी0
- 400 के0वी0 उपकेन्द्र फिरोजाबाद पर 220 के0वी0 'बे' निर्माण कार्य– 2 अद्द

समिति ने क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपरोक्त प्रस्तावित लीलो लाइन की लम्बाई अत्यधिक है अतः 220 के0वी0 भरथना एवं सैफई उपकेन्द्र के समीप 220 के0वी0 औरैया (400) – सिकन्दरा (आगरा) डी0सी0 लाइन के एक सर्किट का लीलो अथवा तकनीकी रूप से उचित अन्य किसी स्त्रोत से भरथना एवं सैफई उपकेन्द्र को द्वितीय स्त्रोत प्रदान किया जा सकने की सम्भावना को जांच कर वैकल्पिक प्रस्ताव प्रेषित करे।

**2– 132 के0वी0 साहूपुरी(220)–कर्मनाशा(बिहार) एस0सी0 लाइन का चन्दौली(132) उपकेन्द्र पर लीलो लाइन निर्माण कार्य:–**

- 132 के0वी0 साहूपुरी(220)–कर्मनाशा एस0सी0 लाइन का चन्दौली(132) उपकेन्द्र पर लीलो लाइन निर्माण कार्य– 4 किमी0
- 132 के0वी0 उपकेन्द्र चन्दौली पर 132 के0वी0 'बे' निर्माण कार्य– 2 अद्द
- 132 के0वी0 उपकेन्द्र चन्दौली पर डिस्मेण्टलिंग एवं शिफ्टिंग सम्बन्धित कार्य।

समिति द्वारा निदेशित किया गया कि 132 के0वी0 साहूपुरी (220) – कर्मनाशा(बिहार) 132 के0वी0 ISTS लाइन है। अतः उपरोक्त निर्माण हेतु बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कम्पनी लि0 (BSPTCL) से अनापत्ति एवं CEA की NRPC एवं ERPC समिति द्वारा अनुमोदनोपरान्त निर्णय लिया जायेगा।

**3–** 132 के0वी0 दिबियापुर(औरैया) उपकेन्द्र पर 2x40 से 1x63+1x40 एम0वी0ए0 क्षमतावृद्धि प्रस्ताव पर समिति द्वारा निदेशित किया गया कि क्षमतावृद्धि मे पुराने 40 एम0वी0ए0 परिवर्तकों का न हटाया जाय अपितु अतिरिक्त परिवर्तक के साथ क्षमतावृद्धि की जाए तथा तद्नुसार पुनरीक्षित क्षमतावृद्धि प्रस्ताव प्रेषित किये जायें।

**4–** 132 के0वी0 अलीगंज(एटा) उपकेन्द्र पर 2x40 से 3x40 एम0वी0ए0 क्षमतावृद्धि प्रस्ताव पर समिति द्वारा निदेशित किया गया है कि उपकेन्द्र पर दोनों परिवर्तक पर पूर्णभारिता लगभग 57 प्रतिशत ही है अतः समिति द्वारा उक्त प्रस्ताव को निरस्त किया गया।

**5–** समिति द्वारा क्षेत्रीय अधिकारियों को निदेशित किया गया कि आगामी ग्रीष्म काल के दृष्टिगत समस्त अनुरक्षण सम्बन्धी कार्य समय से पूर्ण करा लिये जाए जिससे ग्रीष्म काल में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा सकें।

| | | |
|---|---|---|
| **(अंजनी कुमार शुक्ला)**<br>**अधीक्षण अभियन्ता (टी0पी0 एवं पीएसएस)**<br>**एवं संयोजक सदस्य** | **(अनिल जैन)**<br>**निदेशक (नियोजन एवं वाणिज्य)**<br>**एवं सदस्य** | **(बी0पी0 महापात्रा)**<br>**निदेशक (वित्त) एवं सदस्य** |
| **(अनिल जैन)**<br>**निदेशक (कार्य एवं परियोजना) एवं सदस्य** | **(ए0एस0 कुशवाहा)**<br>**निदेशक (एस0एल0डी0सी0), एवं सदस्य।** | **(आर0के0 सिंह)**<br>**निदेशक (आपरेशन) एवं सदस्य** |

**(डा0 सेंथिल पांडियन सी0)**
**प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पा0ट्रां0का0लि0 एवं अध्यक्ष**